## संक्षिप्त

### 306 रोगियों का किया उपचार

**श्रीमाधोपुर** ।क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर श्रीमाधोपुर में जारी है। शिविर सहायक प्रभारी डा.चंद्र प्रकाश व्यास ने बताया कि गुरुवार को भी मरीजों के आने का सिलसिला जारी रहा। शिविर में ही राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर की और से कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में लोगों ने लाभ लिया। रोगियों में संधिरोग, ,उदररोग अम्लपित्त,त्वकरोग एवं जरावस्था जन्य रोगो की संख्या अधिक रही। डा. प्रवीण सावंत के निर्देशन में सात सदस्यों के दल ने सराहनीय सेवाएं प्रदान जिसमें डा.बाबूलाल ,डॉ. फाल्गुनी जोशी, डॉ. ममता गोदारा, रमाकांत, मुकेश कुमार, लाटा, तिलक राज शर्मा ,नरपत सिंह आदि ने सेवाएं दी। सभी रोगियों को नि:शुल्क औषधियां उपलब्ध कराई गई है।कुल 306रोगियों का उपचार किया गया।

### इंस्पायर अवार्ड योजना में चयन

**नारायणपुर** । कस्बा स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय के छात्र मोहित प्रजापत ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मोहित का चयन केंद्र सरकार द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड योजना में सत्र 2024-25 के लिए हुआ है। इस योजना के तहत मोहित को 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष और उत्साह का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.अनिल कुमार शर्मा, शिक्षक और सहपाठियों ने मोहित की इस सफलता पर उसे शुभकामनाएं दीं

### बासी पकवानों का लगाया भोग

**पावटा।** उपखंड पावटा सहित आस पास के क्षेत्रों मे गुरुवार को शीतला माता के मंदिरों में पूजन कर माताजी को ठंडे खाने का भोग लगाया गया। व्रतार्थी महिलाओं ने एक दिन पहले बना ठंडा खाना खाने के साथ ही माता की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। कस्बे के बड़ी शीतलामाता मंदिर सहित अन्य स्थानों पर सुबह से ही महिलाओं की पूजा करने के लिए भीड़ उमडी। श्रद्धालु महिलाएं ने भी बड़ी संख्या में माताजी की पूजा-अर्चना के बाद कथा सुन साथ ही एक दिन पहले बनाए ठंडे भोजन का भोग लगाकर व्रत खोला।

# सभी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय पर निस्तारण करें : जिला कलेक्टर

▪ जिलास्तरीय जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक आयोजित

**बौंली-बामनवास।** सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर परिसर के भारत निर्माण राजीव गांधी सभागार के वीसी कक्ष में गुरुवार को जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता की उपस्थिति में जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित थे। बैठक के दौरान अवैध खनन रुकवाने, वर्ष 2022-23 की छात्रवृत्ति दिलाने, खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जुड़वाने, सड़क बनवाने, 11000 केवी विद्युत लाइन हटाने, रोड लाइट चालू कराने, अवैध अतिक्रमण हटाने, जनआधार से नाम हटाने, वार्ड नंबर 12 में सीसी सड़क बनवाने, बापू नगर खेरदा में सीवरेज लाइन डलवाने, पुलिस जाता उपलब्ध कराने सहित करीब 53 प्रकरण प्राप्त हुए। जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों का समय पर निस्तारण कर आमजनों को राहत प्रदान करने के संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने सभी उपखंड अधिकारी व तहसीलदारों को आगामी त्यौहार को देखते हुए सतर्क रहकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए एवं धार्मिक जुलूसो के मार्ग में परिवर्तन नहीं करने, इस दौरान ड्रोन के माध्यम से संपूर्ण गतिविधियों पर निगरानी रखने के साथ ही ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए विद्युत व जलापूर्ति सुचारू रूप से रखने एवं हेडपंप व ट्ययूबब्लों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजय शर्मा, एसडीम अनूप सिंह सहायक कलेक्टर रुबिया अनुसार अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग हरि सिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग भगवान सहाय मीणा, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बी एल मीणा सहित सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

### जन्म दिवस पर विद्यालय परिसर में लगाया पौधा

**निवाई।** उच्च मध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा प्रभात के छात्र मानस चौधरी ने विद्यालय परिसर में पौधा लगाकर अपना जन्मदिन मनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंदनारायण शर्मा, सहायक प्रधानाचार्य मोहनलाल शर्मा व शिशु वाटिका प्रभारी शिवराज पाराशर की देख-रेख में छात्र ने गुलमोहर का पौधा लगाकर एक नई शुरुआत की है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गोविंदनारायण शर्मा ने कहा कि विश्व गौरैया दिवस पर पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए छात्र के पिता ताराचंद चौधरी व छात्र की माता ने स्वप्रेरणा से जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए यह पहल की है। यह एक अच्छा कदम है।

### सहायक श्रम आयुक्त के खिलाफ कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**टोंक।** दुर्घटना और सामान्य मृत्यु सहायता योजना का नॉमिनी को लाभ नहीं मिलने पर महिलाओं ने श्रम विभाग के खिलाफ रोष जाहिर किया है। बीजेपी नेताओं के साथ गुरुवार को कलेक्टर डॉ. सौम्या झा को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने सहायक श्रम आयुक्त के खिलाफ एक्शन की मांग की है। टोंक शहर के पूर्व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अब्दुल रज्जाक ने पीड़ित महिलाओं की समस्या को लेकर कलेक्टर से कहा कि सहायक श्रम आयुक्त कमल सिंह चंदोलिया करीब एक साल से कार्यरत हैं, उन्होंने 1 साल से राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभश्रमिकों को नहीं दिया है।

साल 2023 में दुर्घटना व सामान्य मृत्यु सहायता योजना में स्वीकृत राशि के बाद दी जाने वाली एफडीआर भी पूरी होने के बाद भी श्रमिकों के नॉमिनी को नहीं दी जा रही है। इसके लिए बार-बार कार्यालय के श्रमिकों के नॉमिनी चक्कर लगा रहे हैं, जबकि पहले भी जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया जा चुका है, कार्यालय श्रम विभाग को भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं, लेकिन कोई राहत नहीं मिली है। कार्यालय से बिना कोई कारण या कमी बताए आवेदन भरकर कई पीड़ित, पीडिताओं के विभिन्न योजनाओं के आवेदन रिजेक्ट कर रहे हैं, इस मामले में भी मजदूरों को कोई राहत नहीं मिल रही है।

# वेद, योग और आस्था का त्रिवेणी संगम: अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव ने रचा इतिहास

**हरिद्वार** । गंगा की कलकल धारा,सूर्यास्त की स्वर्णिम आभा,हज़ारों दीपों की झिलमिल रोशनी और वेदों और विविध शास्त्रों की दिव्य गूंज-हरिद्वार की हर की पौड़ी एक बार फिर भारतीय संस्कृति के अद्वितीय वैभव की साक्षी बनी। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,नई दिल्ली द्वारा आयोजित 62वें अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव के अंतर्गत, पतंजलि विश्वविद्यालय की मेजबानी में एक भव्य आयोजन हुआ, जिसने भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का गौरव प्राप्त किया। यह केवल एक साधारण आध्यात्मिक आयोजन नहीं था, बल्कि एक ऐतिहासिक क्षण था,जब देश के कोने-कोने से पहुंचे हजारों विद्वानों और श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से शास्त्रों का श्रावण किया और एक साथ गंगा आरती में भाग लेकर एक विश्वकीर्तिमान स्थापित किया। यह क्षण मानो भारत के प्राचीन ऋषि-मुनियों की साधना का प्रत्यक्ष दर्शन करवा रहा था।



**62वें अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव के अंतर्गत, पतंजलि विश्वविद्यालय की मेजबानी में भव्य आयोजन हुआ।**

संध्या का समय,आकाश में रक्तिम छटा,गंगा की शांत लहरों पर सूर्य की मृदुल छवि और घाटों पर एकत्र हजारों श्रद्धालु-वातावरण स्वयं में ही किसी दिव्य उत्सव का संकेत दे रहा था। जैसे ही आरती की पहली घंटी बजी,गंगा के प्रवाह में एक लयबद्ध स्पंदन-सा आ गया। हर की पौड़ी पर जब वेदों और शास्त्रों का कंठपाठ शुरू हुआ,तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो समूचा ब्रह्मांड इन दिव्य ध्वनियों की लय पर झूम रहा हो। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद की ऋचाएँ, उपनिषदों के श्लोक, भगवद्गीता के संदेश और योगसूत्रों के गूढ़ वचन-यह सब मिलकर एक ऐसा दिव्य महासंगीत प्रस्तुत कर रहे थे, जिसमें अध्यात्म,दर्शन और भक्ति का त्रिवेणी संगम स्पष्ट झलक रहा था।शास्त्र श्रावण के उपरांत,जैसे ही गंगा आरती का शुभारंभ हुआ, पूरा वातावरण मंत्रमुग्ध हो गया। विद्वानों, संतों और आचार्यों के हाथों में विशाल दीपमालाएं,चारों ओर गूंजते घंटे-घड़ियाल, 'हर हर गंगे' का उद्घोष और बहती गंगा के जल में दीपों की असंख्य परछाइयाँ-यह दृश्य केवल नेत्रों से नहीं,बल्कि हृदय से अनुभव करने योग्य था। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं गंगा माता अपने भक्तों की श्रद्धा को स्वीकार कर रहीं हों। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं,बल्कि हमारी जड़ों की ओर लौटने का एक प्रयास था। यह साबित कर दिया कि भारतीय सभ्यता आज भी वेदों की ऋचाओं,योग की साधना,और आयुर्वेद के ज्ञान के साथ विश्व को मार्गदर्शन दे सकती है। हरिद्वार के इस दिव्य आयोजन ने केवल एक दिन का आध्यात्मिक पर्व नहीं,बल्कि भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण की एक नई लहर को जन्म दिया। जब-जब गंगा बहेगी,जब-जब वेदों की ऋचाएँ गूंजेंगी, तब-तब इस अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव का यह स्वर्णिम अध्याय स्मरण किया जाएगा।

इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और योगऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि शास्त्र केवल शब्द नहीं,यह अमृत ज्ञान है । जबतक भारत अपनी संस्कृति और सनातन परंपरा को अपनाएगा,तब तक विश्व में आध्यात्मिकता और शांति का प्रवाह बना रहेगा । इसके साथ ही उन्होंने सनातन का उदघोष करते हुए समर्थ और संगठन होकर विकसित भारत बनाने की बात कही। उन्होंने वेद और शास्त्र को जीवन का सर्वोपरि तत्व बताते हुए कहा कि वेद हमारा इतिहास भी है और वर्तमान भी। पतंजलि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति और आयुर्वेदशिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने संध्या आरती और शास्त्र श्रावण को विशेष बताते हुए सनातन धर्म को जीवन में उतारने की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि वेद और शास्त्र केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं,बल्कि जीवन जीने की कला है। इनमें निहित विज्ञान,चिकित्सा और दर्शन सम्पूर्ण विश्व को मार्गदर्शन देने की सामर्थ रखता है। इसी के साथ केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,नई दिल्ली के कुलपति प्रो.श्रीनिवास वरखेड़ी ने पतंजलि विश्वविद्यालय की इस पहल को विश्व कीर्तिमान बताते हुए कहा कि आज हजारों छात्रों ने एक साथ शास्त्र कंठपाठ कर वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया है।

## सार-समाचार

### अन्नपूर्णा रसोई का शुभारंभ

**राजगढ़।** राज्य सरकार की और से जरूरतमंद के लिए लाभकारी अन्नपूर्णा रसोई का शुभारंभ कस्बे की महिला चिकित्सालय में भाजपा नेता बन्नाराम मीना एवं नगर पालिका अध्यक्षसतीश दुहारिया की मौजूदगी में गुरुवार सायं किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता बन्ना राम मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, प्रहलाद सैनी, एवं नीरज शर्मा, मीतू सिंह आर्य, एवं अन्य ने अनावरण पट्टी से पर्दा हटाकर उत्साह एवं उल्लास के साथ शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया एवं अन्य वक्ताओं ने कहां की चिकित्सालय एवं तहसील के समीप अन्नपूर्णा रसोई आमजन के लिए मददगार साबित होगी। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस सुविधा का लाभ उठाने का आ ान किया। इस अवसर पर अन्य वक्ताओ ने राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता प्रेमनाथ धामाणी, प्रकाश दीक्षित मंडल अध्यक्ष, भाग्यशाली सैनी, राहुल दीक्षित, प्रदीप शर्मा, जय प्रताप राठौड़,रमा आर्य, जगदीश सैनी, गौरव कसेरा, धर्मचंद सैनी, एवं अनेक भाजपा पार्षद मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र शर्मा ने किया।

### हेल्थ टॉक कार्यक्रम का आयोजन

**निवाई।** मूक बधिर विद्यालय में गुरुवार को सीके बिरला हॉस्पिटल्स जयपुर और लायंस क्लब निवाई के संयुक्त तत्वावधान में हेल्थ टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सी. के. बिरला हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.मोहम्मद हाफिज व श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षिल अलवानी ने अपने विचार साझा किए। डॉ हाफिज ने बताया तनाव पूर्ण जीवन में अपने हार्ट को स्वस्थ रखने के लिए अपनी दिनचर्या में बदलाव लाना होगा। दिनचर्या में बदलाव के साथ दैनिक व्यायाम से अपने आपको स्वस्थ रखा जा सकता है। डॉ.हर्षिल अलवानी ने अस्थमा के बारे में बताया कि अस्थमा केवल बच्चों की बीमारी नहीं है । ये बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है । अस्थमा को एक सिंपल लंग फंक्शन टेस्ट स्पिरोमेट्री द्वारा पता किया जा सकता है। उन्होंने इसका उपचार समझाते हुए बताया कि इनहेलर टाइम से और रेगुलर लेना इसका सबसे महत्वपूर्ण इलाज है। कार्यक्रम में लायंस क्लब के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। सी के बिरला हॉस्पिटल की ओर से मनीष शर्मा ने मंच संचालन किया।

### विधायक को सौंपा ज्ञापन

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत कोलाहेडा से ग्राम जोधपुरा को अलग कर एक नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं विधायक देवीसिंह शेखावत के निजी निवास ज्ञानपुरा पहुंचीं। ग्रामीणों ने उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए जोधपुरा को अलग ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना है कि जोधपुरा एक राजस्व ग्राम है, जिसकी 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या 2300 थी, लेकिन अब यह बढ़कर लगभग 4000 तक पहुंच गई है। पंचायतीराज के मापदंडों के अनुसार यह संख्या एक नई ग्राम पंचायत बनाने के लिए पर्याप्त है। वर्तमान में ग्राम पंचायत मुख्यालय कोलाहेडा से जोधपुरा की दूरी लगभग 3 किलोमीटर है, जिससे ग्रामीणों को प्रशासनिक कार्यों के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

### 8 वर्षीय आयत ने पहला रोजा रखा

**निवाई।** पवित्र माहे रमजान में 8 वर्षीया आयत ने अपना पहला रोजा रखा। अब्दुल रशीद ने बताया कि उसकी 8 वर्षीय पोती आयत पुत्री मोहम्मद हुसैन ने बुधवार को पहला रोजा रखा। उन्होंने बताया कि आयत ने सेहरी की तथा दिनभर नमाज के साथ इबादत की। शाम को इफ्तार करके रोजा पूरा किया। रोजा पूरा होने पर परिवार के लोगों ने आयात को तोहफे दिए।

### पुरस्कार वितरण समारोह 22 को

**टोंक।** विकसित भारत युवा संसद-2025 एवं पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार, 22 मार्च को सुबह 11 बजे राजकीय महाविद्यालय टोंक के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। प्राचार्य लोकेश कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी होंगे।





